# राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की संकल्प यात्रा में लोगों और पुलिस में हुई झड़प

## राजनीतिक हिस्सेदारी समेत कई मुद्दों के लिए हरिद्वार से दिल्ली जा रही यात्रा, लोगों ने पुलिस पर फैंकें पत्थर, पुलिस ने लाठी बरसाकर लोगों को खदेड़ा, 13 लोगों को हिरासत में लिया

तेजयुग न्यूज



**नई दिल्ली :** राजनीतिक हिस्सेदारी समेत कई मुद्दों के लिए हरिद्वार से दिल्ली जा रही राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की संकल्प यात्रा में शामिल लोगों और पुलिस के बीच शुक्रवार को जमकर झड़प हुई पुलिस ने साहिबाबाद के सौर ऊर्जा मार्ग पर यात्रा को दिल्ली जाने से रोक दिया तो इसमें शामिल कुछ लोगों ने पुलिस पर पत्थर फैकने शुरू कर दिए इसके बाद पुलिस ने लाठी बरसाकर लोगों को खदेड़ दिया। मौके से 13 लोगों को हिरासत में लिया गया और 4 वाहन सीज कर दिए गए। पथराव में पुलिस की गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रदर्शन कार्यो का कहना है कि कई लोगों को पुलिस के लाठी चार्ज से चोट लगी है जबकि कुछ भगदड़ में गिर जाने के कारण घायल हुए हैं।

सौर ऊर्जा मार्ग पर करीब 30 मिनट भारी हंगामा चला यात्रा में शामिल लोग बृहस्पतिवार रात 11:00 बजे मोहन नगर से दिल्ली की तरफ बढ़ रहे थे। लिंक रोड पुलिस ने उन्हें साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में रोक दिया। रात में वे निजी बैंक्विट हॉल में बैठ गए शुक्रवार सुबह 10:00 बजे पुलिस अधिकारी वार्ता करने पहुंचे तो संकल्प यात्रा में शामिल लोग दिल्ली जाकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने पर आ गए। वहीं डीसीपी निमिश पाटिल का कहना है कि बिना अनुमति दिल्ली जाने की जिद पर पड़े थे लोग प्रजापति समाज के लोग संकल्प यात्रा में बिना अनुमति दिल्ली जाना चाहते थे साहिबाबाद में दिल्ली पुलिस के अधिकारी ज्ञापन लेने पहुंचे थे लेकिन संकल्प यात्रा में शामिल लोग नहीं माने हंगामे में कानून व्यवस्था बिगड़ने पर सभी को वहां से खदेड़ दिया गया। कई लोगों को हिरासत में भी लिया है वहां भी चीज किए गए हैं।

वही दारा सिंह प्रजापति जो कि राष्ट्रीय अध्यक्ष है प्रजापति महासभा के, उनकी अगर माने तो उनका कहना है कि समाज के लोग राजनीतिक हिस्सेदारी जातिगत जनगणना आरक्षण की मांग और सामूहिक उत्पीड़न के मुद्दे पर राष्ट्रपति पर ज्ञापन सौंपना चाहते हैं। 27 फरवरी को हरिद्वार से शुरू की गई संकल्प यात्रा 1 मार्च को दिल्ली पहुंचनी थी लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। जिसके बाद ये सब बवाल हुआ था। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि 77 वर्षो से समाज के किसी व्यक्ति को विधायक या संसद का टिकट नहीं मिला है समाज के लोग खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं संकल्प यात्रा में शामिल लोगों का कहना है कि हरिद्वार से मेरठ तक संकल्प यात्रा को किसी ने नहीं रोक मोदी नगर पहुंचते ही पुलिस ने बदसलूकी कर यात्रा को रोकना शुरू कर दिया था।

# गौ हत्या और कन्या भूर्ण हत्या जैसे पाप देश को डूबा रहे है : मनधीर सिंह मान

**पलवल :** फरीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस के आवेदक मनधीर सिंह मान पलवल के चंदहट गांव के रागनी कंपटीशन में पहुंचे , जहां पर गांव वालों ने माला पहनकर अथवा शॉल उढ़ाकर आदर सत्कार किया, इस मौके पर मनधीर सिंह मान ने 15000 की योगदान राशि भेट स्वरुप गौशाला को दी और महाराज जी से आशीर्वाद लिया . मान ने सभी सरदारी का दिल से धन्यवाद किया और कहा कि जो गौ माता के लिए आस्था रखते हुए जो प्रेम की जोत जलाई है उसका दिल से आभार व्यक्त करता हूँ । उन्होंने रागनी का आनंद लिया और कलाकारों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मनधीर सिंह मान ने गौ हत्या को सबसे बड़ा पाप बताया उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि गौ सेवा वो सेवा है जिसे स्वम श्री कृष्ण भगवान भी करके गए है।

# प्रदेश में जंगल राज जैसे हालात, प्रतिदिन सामने आ रही हैं अनेक बड़ी वारदात : नीरज जड़ौला

## कहा, प्रदेश को संभालने में विफल साबित हो रही है गठबंधन सरकार

कृष्ण प्रजापति



**कैथल :** पूर्व सरपंच एवं पुंडरी हलके के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नीरज कुमार जड़ौला ने कहा कि प्रदेश में जंगल राज जैसे हालात पैदा हो गए हैं। कहीं लोगों को सरेआम गोलियों से छलनी किया जा रहा है तो कहीं सरेआम हथियारों से लैस होकर आमजन की भी हत्या की जा रही है। कहीं पर गाड़ियों में असले लेकर दहशतगर्दी का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम करने में विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का अपराधियों पर कोई अंकुश नहीं है।


प्रदेश में गुंडा तत्व हावी हो चुका है। आज कहीं भी कोई व्यापारी व आमजन सुरक्षित नहीं है, लोगों की सुरक्षा रामभरोसे है परंतु सरकार एक्शन लेने की बजाय लोगों को जात-धर्म में उलझाने में लगी हुई है। नीरज जड़ौला ने कहा कि सरकार केवल लोकसभा चुनाव में सीटों को जीतने की तैयारी में लगी हुई है और सरकार द्वारा लोगों को सुरक्षा देने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम होगी और गुंडा तत्वों पर नकेल कसी जाएगी। जड़ौला ने कहा कि गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर विफल है, आज प्रदेश का हर वर्ग सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है।

उन्होंने कहा कि 2024 में देश और प्रदेश से इस सरकार को चलता करने का काम प्रदेश की जनता करेगी। नीरज जड़ौला ने कहा कि लोकतंत्र मे जनता ही सबसे बड़ी ताकत है जो सत्ता की कुर्सी पर बैठा सकती है तो वह सत्ता से बाहर का रास्ता भी दिखा सकती है। अगर यह बर्बरतापूर्ण कार्रवाई सरकार नहीं रोकती तो हरियाणा के किसान भी कड़ा फैसला लेने पर मजबूर होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की मंशा अराजकता फैलाकर प्रदेश का माहौल खराब करना है। अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों पर शंभू व खनौरी-पातड़ा बॉर्डर पर किया गया बर्बरतापूर्ण व्यवहार गलत व निदंनीय है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# केसीसी अध्यक्ष भूपिंदर सिंह मान के नेतृत्व में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिला केसीसी प्रतिनिधिमंडल

## किसान आंदोलन में खतरनाक ताकतों की घुसपैठ जिनका उद्देश्य अराजकता पैदा करना : ठाकुर गुणी प्रकाश

कृष्ण प्रजापति



**कैथल :** अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति का एक प्रतिनिधिमंडल, पूर्व सांसद, केसीसी अध्यक्ष, एस. भूपिंदर सिंह मान के नेतृत्व में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल में अन्य किसान नेताओं में गुणवंत पाटिल, शेतकारी संगठन, महाराष्ट्र और महासचिव केसीसी, बीकेयू (मान) हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर गुणी प्रकाश और अजय अनमोल (अध्यक्ष बीकेयू मान) उत्तर प्रदेश शामिल रहे। किसान नेताओं ने केंद्रीय रक्षा मंत्री से पंजाब में किसानों के आंदोलन का जल्द समाधान निकालने का आग्रह किया। नेताओं ने इस तथ्य पर जोर दिया कि कृषि क्षेत्र संकट में है और सरकार को इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक व्यवहार्य समाधान खोजने की जरूरत है।

भूपेंद्र सिंह मान ने कृषि क्षेत्र में सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया जोकि कृषि संकट का एकमात्र व्यवहार्य समाधान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये सुधार कई दशकों से लंबित हैं, हम दशकों से किसानों की मुक्ति के लिए लड़ रहे हैं और हम उम्मीद करते हैं कि सरकार कृषि को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 9वीं अनुसूची और अनियमित आयात और निर्यात नीतियों जैसे कठोर कानूनों से मुक्त करेगी।भाकियू के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर गुणी प्रकाश ने पंजाब की अर्थव्यवस्था, वित्त और छवि पर इन निरंतर विरोध प्रदर्शनों के विनाशकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला, जिसके परिणामस्वरूप नौकरी छूट गई, युवाओं का पलायन हुआ और नशीली दवाओं की समस्या बिगड़ गई। गुणवंत पाटिल ने कहा कि सबसे दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा किसान आंदोलन में खतरनाक ताकतों की घुसपैठ है। इन लोगों का मकसद कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा करना है।

उन्होंने मनगढ़ंत कहानियाँ गढ़ने की उनकी 'भ्रामक रणनीति' की निंदा की और पहले के किसान आंदोलन के दौरान उनके कार्यो को याद करते हुए, कलह पैदा करने के उनके 'कुटिल प्रयासों' के खिलाफ चेतावनी दी। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर गुणी प्रकाश और अजय अनमोल ने कहा कि तथाकथित किसान नेता 'हरी' विचारधारा की आड़ में 'लाल' विचारधारा द्वारा नियंत्रित हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य व्यवधान उत्पन्न करना और अराजकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, व्यावसायिक हितों और समाज को अस्थिर करने के उद्देश्य से कम्युनिस्ट, माओवादी या नक्सली विचारधारा से प्रेरित व्यक्तियों की संभावित भागीदारी के बारे में चिंता व्यक्त की। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सरकार इस आंदोलन को हल करने के लिए बहुत गंभीर है और कृषि संकट का समाधान खोजने के लिए भी चिंतित है।

# बारिश से गेहूं की फसल बर्बाद

## तेज हवाओं के कारण बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी हो गई तहस-नहस

मुकेश कुमार



**ऊंचागांव ।** विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र में बीते शुक्रवार आधी रात तेज हवा व बारिश से गेहूं की फसल व बिजली आपूर्ति व्यवस्था तहस-नहस हो गई। सुबह को गेहूं की फसल देखने खेत पर पहुंचे किसान रो पड़े। दो दिन पहले तक जो खेत लहलहा रहे थे उनमें गेहूं बिछ गया है। सारी मेहनत पर पानी फिर गया।

क्षेत्र के फरीदबाँगर गांव में हवा के झोंके के साथ शुक्रवार की रात को हुई बारिश से गांव सहित कई स्थानों पर गेहूं की फसल गिर गई है। लगातार मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव ने किसानों को परेशान कर रहा है। हालांकि दिन में धूप निकलने से किसानों की चिंता थोड़ी कम हुई। किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल खेतों में बर्बाद होने से उन सभी को काफी नुकसान हुआ है।

# नाथूसरी चौपटा में कांग्रेस की जन संदेश रैली आज

**सिरसा :** कांग्रेस की ओर से जनसंदेश जनसभा रविवार को नाथुसरी चौपटा की अनाजमंडी में सुबह 11 बजे होगी। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा जनसमुह को संबोधित करेंगी। यह कांग्रेस जनसंदेश यात्रा राहुल गांधी और राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का संदेश जन जन तक पहुंचाने और सरकार की जनविरोधी नीतियों का खुलासा करने के लिए की जा रही है।

# बूचावास के किसान रामधान ने रेतीले टीलों में की काजू-बादाम की खेती

## छह एकड़ में 60 प्रजाति के बागवानी के पौधे लगाकर रामधन यादव बने किसानों के प्रेरणा स्त्रोत

तेजयुग न्यूज





**कनीना :** कनीना उपमंडल के गांव बूचावास के किसान रामधन यादव ने रेतीले टीलों में काजू-बादाम उगाकर किसानों को नई दिशा देने का काम किया है। मूल रूप से गुरुग्राम के चक्करपुर एवं हाल आबाद बूचावास वासी किसान का मानना है कि भारत वर्ष में महेंद्रगढ जिले की भूमि बागवानी के लिए अति उत्तम है। जहां विभिन्न प्रकार के बाग लगाए जा सकते हैं।

उन्होंने छह एकड़ भूमि में छह वर्ष पूर्व लाखों की लागत से काजू-बादाम,सेव, चीकू, आम, लिची, मौसमी, केला, बेरी, पपीता,आडू, अमरूद, कीन्नू सहित 60 प्रजाति के फलदार पौधे लगाए गए थे जो आज भरपूर मात्रा पैदावार दे रहे हैं। जिनका टेस्ट भी उत्तम है। इंटर्करोप में उनकी ओर से गोभी ,आलू व धनिया, मेथी, गवारपाठा, टमाटर की बिजाई की गई है। बागवानी में अच्छी पैदावार लेने तथा पेस्टीसाईड से बचने के लिए देशी विधि से गाय का गोबर, छाछ व नीम के पत्तो का घोल तैयार कर उसकी स्प्रे की जाती है देशी खाद बाहर से खरीद कर न लाना पड़े इसके लिए करीब 35 गाय पाल रखी है। जिनकी खाद का प्रयोग बागवानी पौधों में किया जाता है तथा प्रतिदिन करीब दो क्विंटल दूध की बिक्री से भी अच्छी आमदनी हो जाती है। उनकी ओर से गोबर गैस प्लांटभी लगाया गया है जिससे उत्पन्न होने वाली गैस का गायों का चारा पकाने तथा घरेलू कार्य में उपयोग हो जाता है। उन्होंने बताया कि बादाम की गुणवत्ता परखने के लिए खारी बावडी दिल्ली में चेक कराया जहां उसकी मात्रा बेहतर मिली। उनका टेस्ट भी बढिया मिला।

किसान रामधन यादव ने बताया कि इस क्षेत्र में पानी की समस्या है उसके लिए टपका सिंचाई विधि अपनाई जिसमें एक एकड़ में खपत होने वाले पानी का छह एकड़ भूमि पर प्रयोग हो रहा है। उनकी ओर से बिजली की समस्या के समधान के लिए सोलर सिस्टम लगाया है। ट्यूवैल सिंचाई के लिए 15 किलोवाट तथा घरेलू उपयोग के लिए छह किलोवाट बिजली का सोलर सिस्टम प्रदेश सरकार की योजना अनुसार अनुदान पर लगवाया गया है। उन्होंने बताया कि देशी विधि से की गई खेती में फलों की गुणवत्ता तथा पैदावार भी बेहतर हुई है जो खाने में स्वादिस्ट हैं। फलों की साईनिंग व साइज भी देखने योगय है। उनकी ओर से प्राकृतिक खेती आधुनिक तरीके से की जा रही है। जिनमें किसी प्रकार का रासायनिक खाद व दवा का उपयोग नहीं किया जाता है।

इस बारे में एकीकृत बागवानी उत्कृष्टता केंद्र सुंदरह के बागवानी अधिकारी डॉ नेहा यादव व डॉ.अंकुश यादव ने बताया कि सरकार की ओर से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर किसानों को उन्नत किस्म के बीज तथा कृषि एवं बागवानी की नवीनतम जानकारी को दी जाती है। सरकार द्वारा कृषि उपकरणों सहित फसलों पर दी जाने वाली सब्सिडी के बारे में बताया जाता है। किसान उनका लाभ उठाकर दिनोंदिन उन्नति की ओर अग्रसर हैं।

### उन्नत किस्म के गेहूं को देखने पंहुच रहे पडौस के किसान

किसान रामधान ने बताया कि उन्होंने दो एकड़ में गेहूं की गलेशिया कन्पनी का सोना क्रांति गेहूं का बीज आलोक खाद बीज विक्रेता कनीना मंडी से खरीदा था। उन्नत किस्म का बीज खेत के चारों कोनों पर एकसमान व लंबी बाली सहित बेहतर फुटाव के साथ बढिया खडा है। इसकी अनुमानित पैदावार 30-32 क्विंटल आंकी गई है। जिसे देखने के लिए पडौस के किसान पंहुच रहे हैं। चौडे पत्ते के इस गेहूं में गोबर की खाद डाली गई थी ओर गोबर के घोल सेफ्टी स्प्रे की गइ थी। उसमें किसी प्रकार का रासायनिक खाद इस्तेमाल नहीं किया गया।

# लोकसभा चुनावों को लेकर जेजेपी के कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार : अनूप धानक

## जेजेपी का प्रत्येक सिपाही पार्टी की रीढ़ की हड्डी : राज्य मंत्री अनूप धानक




तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** प्रदेश के राज्यमंत्री अनूप धानक ने कहा है कि लोकसभा चुनावों को लेकर जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि जेजेपी की तीन मार्च को करनाल में होने वाली राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लोकसभा चुनावों को लेकर चर्चा होगी। वे शनिवार को फतेहाबाद और सिरसा जिले में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

लोकसभा चुनावों की कभी भी घोषणा हो सकती है, ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ चुनावों की तैयारियों करें। अनूप धानक ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर जेजेपी के शीर्ष नेता जो भी फैसला लेंगे, पार्टी कार्यकर्ता उनके साथ हैं। उन्होंने आह्वान किया कि कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करें।

राज्य मंत्री अनूप धानक ने कहा कि जिस भी पार्टी कार्यकर्ता को जो भी जिम्मेवारी सौंपी जाती है, वह पूरी ईमानदारी से उसका पालन करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की बदौलत ही आज जेजेपी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। अनूप धानक ने यह भी कहा कि प्रदेश की जेजेपी-बीजेपी गठबंधन सरकार जनता की आशाओं पर खरी उतरी है और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा जनता से किए वादों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को जेजेपी द्वारा जनहित में किए गए कार्यो से अवगत करवाने आह्वान किया।

राज्यमंत्री अनूप धानक ने आगे कहा कि संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जितने मजबूती के साथ काम करेंगे, उतनी ही संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि जेजेपी का प्रत्येक सदस्य ही पार्टी संगठन की रीढ है और इसी के बूते आज जेजेपी पूरे हरियाणा में सर्वाधिक लोकप्रियता व आगे बढ़ने वाली राजनीतिक पार्टी है। इस अवसर पर जेजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र लेगा, प्रदेश सचिव सुरेंद्र बेनीवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शगनजीत सिंह कुरंगावाली, कुलजीत कुलड़िया, जिला प्रधान रविन्द्र बैनीवाल, जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# विश्व वन्यजीव दिवस पर जीयू में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता




तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर गीता यूनिवर्सिटी की एनएसएस यूनिट द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन पर प्रेस नोट किया गया। छात्रों ने पोस्टर बनाकर वन्य जीवों के संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में जीयू के विभिन्न विभागों से करीब 50 छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा नेहा दहिया ने किया। प्रतियोगिता में आरती ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की आयोजक डा नेहा दहिया ने बताया की छात्रों को वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। छात्रों को वन्य जीवों का हमारे जीवन में महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई।

# ब्याज माफी व छूट के साथ प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ी

## अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. स्वयं प्रमाणित कर बिना ब्याज दिए 15 प्रतिशत छूट के साथ जमा कराए प्रॉपर्टी टैक्स

तेजयुग न्यूज



**यमुनानगर :** 29 फरवरी तक बिना ब्याज 15 प्रतिशत छूट के साथ प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करवाने वालों के लिए अच्छी खबर है। वे प्रॉपर्टी मालिक अब अपनी प्रॉपर्टी आईडी का डाटा स्वयं प्रमाणित करके बिना ब्याज 15 प्रतिशत छूट के साथ 31 मार्च तक टैक्स जमा करवा सकते है। क्योंकि सरकार द्वारा छूट व ब्याज माफी के साथ टैक्स जमा करवाने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दी है। प्रॉपर्टी मालिक एनडीसी पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी डाटा को स्वयं प्रमाणित करके सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते है। जो प्रॉपर्टी मालिक स्वयं अपनी प्रॉपर्टी आईडी प्रमाणित करने में असमर्थ है। वह निगम के तीनों कार्यालयों स्थित नागरिक सुविधा केंद्र व वार्डो में बनी सीएफसी में जाकर अपनी प्रॉपर्टी प्रमाणित कर टैक्स जमा करवा सकते हैं। अंतिम तारीख के बाद नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी मालिकों से पूरे ब्याज समेत पूरा प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा। वहीं, बकाएदारों की प्रॉपर्टी सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा व संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा ने बताया कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम के तहत नगर निगम सीमा में स्थित सभी प्रकार के खाली प्लाटों, रिहायशी भवनों, वाणिज्यिक भवनों व औद्योगिक इकाइयों को प्रतिवर्ष प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करना अनिवार्य है। समय पर प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान नहीं करने की सूरत में 18 प्रतिशत ब्याज लगाया जाता है। हरियाणा सरकार द्वारा प्रॉपर्टी मालिकों को अपनी प्रॉपर्टी आईडी स्वयं प्रमाणित कर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने पर पूरा ब्याज माफी व मूल प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस छूट का लाभ उठाने के लिए पहले 29 फरवरी अंतिम तिथि थी। इस दौरान काफी लोगों ने अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराया। लेकिन अभी भी काफी प्रॉपर्टी मालिक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने से रह गए है। इन प्रॉपर्टी मालिकों को सरकार ने फिर से एक और मौका दिया है। यह प्रॉपर्टी मालिक अब 31 मार्च तक अपनी प्रॉपर्टी आईडी को स्वयं प्रमाणित कर बिना ब्याज दिए 15 प्रतिशत छूट के साथ टैक्स जमा करवा सकते है। इसके बाद प्रॉपर्टी मालिकों से पूरे ब्याज समेत पूरा टैक्स वसूला जाएगा। इसलिए जिन प्रॉपर्टी मालिकों ने अभी तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया है, वे आज ही अपने संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके इस सुनहरी मौके का लाभ उठाएं।

### ऐसे करें अपनी प्रॉपर्टी आईडी स्वयं प्रमाणित

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया ने बताया कि अपनी प्रॉपर्टी आईडी स्वयं सत्यापित करने के लिए प्रॉपर्टी मालिक सबसे पहले एनडीसी की साइट पर जाए। न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें और अपना ब्यौरा दर्ज करें। अपने रजिस्ट्रेशन मोबाइल नंबर से लॉगिन करें और सर्च फील्ड से प्रॉपर्टी आईडी सर्च करें। प्रॉपर्टी का ब्यौरा दर्ज करें। जहां हां या नहीं के दो विकल्प मिलेंगे। यदि आपकी आईडी सहीं है तो हां पर क्लिक कर अपनी आईडी प्रमाणित करें। यदि आपकी आईडी सही नहीं है तो नहीं पर क्लिक करें और आवश्यक दस्तावेज सहित आपत्ति दर्ज करें। आईडी प्रमाणित करते ही आपको प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर सौ प्रतिशत छूट मिलेगी और टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट प्राप्त होगी। यदि प्रॉपर्टी मालिक स्वयं आईडी प्रमाणित करने में सक्षम नहीं है तो वह निगम के तीनों कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों अर्थात सीएफसी के काउंटरों पर जाकर अपनी प्रॉपर्टी आईडी प्रमाणित करवा सकते है।